समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# BSNL से जुड़ी बड़ी खबर! हाई स्पीड इंटरनेट की रेस मे दौड़ने के लिए तैयार हुई कंपनी।

Publisher

Published on 05 May 2025




## BSNL ने एलान किया है कि वह जून 2025 से अपनी 4G सेवाएं शुरू करने जा रहा है. यह रोलआउट निजी कंपनियों से करीब 9 साल बाद हो रहा है. लेकिन अब तैयारी पूरी है.

सरकारी टेलीकॉम कंपनी BSNL अब 4G और 5G की होड़ में पूरी ताकत से शामिल होने जा रही है. इसके लिए Tata Group की कंपनी Tejas Networks ने बड़ा कदम उठाया है. कंपनी ने 7,492 करोड़ की डील के तहत BSNL के लिए 1 लाख 4G और 5G नेटवर्क साइट्स की सप्लाई पूरी कर ली है.

रिकॉर्ड समय में दुनिया की सबसे बड़ी सिंगल-वेंडर डिलीवरी
तेजस नेटवर्क्स के CEO आनंद अत्रेय ने कंपनी की ताज़ा अर्निंग कॉल में कहा, “हमने 1 लाख से ज्यादा साइट्स BSNL के लिए भेजी हैं. यह दुनिया की सबसे बड़ी सिंगल-वेंडर RAN नेटवर्क डिलीवरी में से एक है, और वो भी रिकॉर्ड समय में.” इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने में TCS, C-DoT और BSNL ने मिलकर जबरदस्त टीम वर्क दिखाया.

जून में शुरू हो सकती है BSNL की 4G सर्विस
BSNL ने एलान किया है कि वह जून 2025 से अपनी 4G सेवाएं शुरू करने जा रहा है. यह रोलआउट निजी कंपनियों से करीब 9 साल बाद हो रहा है. लेकिन अब तैयारी पूरी है. 4G के बाद, BSNL इसी नेटवर्क को 5G में भी अपग्रेड करने की योजना पर काम कर रहा है. यानी सरकारी टेलीकॉम सेक्टर अब हाई-स्पीड इंटरनेट की रेस में बराबरी के लिए तैयार है.

कंपनी को हुआ मुनाफा, ऑपरेशन रेवेन्यू में भारी उछाल
मार्च तिमाही में तेजस नेटवर्क्स को लगभग 72 करोड़ का घाटा हुआ, लेकिन ऑपरेशनल रेवेन्यू 44 फीसदी बढ़कर 1,907 करोड़

तक पहुंच गया. वित्तीय वर्ष 2024-25 में कंपनी ने 446.53 करोड़ का शुद्ध लाभ और 8,923 करोड़ की रेवेन्यू हासिल की, जो बीते वर्षों की तुलना में कई गुना अधिक है.

NEC जापान के साथ टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप

तेजस नेटवर्क्स ने जापानी टेक कंपनी NEC Corporation के साथ रणनीतिक सहयोग किया है. इस साझेदारी के तहत दोनों कंपनियां एडवांस वायरलेस टेक्नोलॉजी, RAN नेटवर्क, और Core नेटवर्क सॉल्यूशन्स पर मिलकर काम करेंगी. साथ ही, एक साझा मार्केटिंग रणनीति पर भी सहयोग होगा.

वोडाफोन आइडिया और रेलवे प्रोजेक्ट में भी सक्रिय

तेजस नेटवर्क्स ने दिसंबर में वोडाफोन आइडिया के साथ तीन साल का करार किया था, जिसके पहले चरण की सप्लाई पूरी हो चुकी है. कंपनी अब BSNL के साथ अगली डील की बातचीत में है. साथ ही, तेजस अब रेलवे के सुरक्षा प्रोजेक्ट 'रेल कवच' के लिए टेंडर में भाग लेने की तैयारी कर रही है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.